शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com , वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमाँक. 1314/परीक्षा–गोपनीय/2021 रायगढ़, दिनाँक 18.11.2021

–:: अधिसूचना ::–

सत्र 2021–22 में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत स्थित शिक्षा महाविद्यालयों में बी.एड प्रथम वर्ष में **SCERT** के काउंसलिंग उपरांत प्रवेशित छात्रों का विश्वविद्यालय की वेबसाईट **https://snpv.ac.in** पर उपलब्ध ऑनलाईन पोर्टल लिंक के माध्यम से पंजीयन एवं पंजीयन शुल्क 50/– तथा नामाँकन आवेदन (**Enrollment From**) एवं नामाँकन शुल्क रूपये 300/– ऑनलाईन माध्यम से जमा करने हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है।

क्रं.	विवरण	दिनाँक
01.	ऑनलाईन माध्यम से पंजीयन एवं नामांकन किए जाने हेतु प्रारंभिक तिथि (बी.एड. प्रथम वर्ष)	19.11.2021
02.	ऑनलाईन माध्यम से पंजीयन एवं नामांकन किए जाने हेतु अंतिम तिथि (बी.एड. प्रथम वर्ष)	पृथक से घोषित की जायेगी

टीपः–

- छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाईन भरे गये नामाँकन आवेदनों की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालयों में जमा करने की तिथि एवं छात्रों से प्राप्त ऑनलाईन नामाँकन आवेदनों की हार्डकॉपी महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में जमा करने की तिथि पृथक से जारी किया जायेगा।
- नियमित छात्र–छात्राओं का नामाँकन आवेदन भराया जाना महाविद्यालयों की जिम्मेदारी होगी।
- छात्र–छात्राओं को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि नामाँकन आवेदन भरते समय (यूजर आई.डी. /पासवर्ड हेतु) एक मोबाईल नंबर से एक ही नामाँकन आवेदन किया जा सकेगा। अतः दूसरे का मोबाईल एवं ई–मेल आई.डी. बिल्कुल दर्ज न किया जावे।
- छात्र–छात्राओं को ऑनलाईन नामाँकन आवेदन करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश ऑनलाईन पोर्टल पर उपलब्ध हैं।
- नामाँकन आवेदन के अग्रेषण से पूर्व संस्था प्रमुख/प्राचार्य/प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेवे कि संबंधित छात्र–छात्रा संबंधित कक्षा/परीक्षा में सम्मिलित होने की समस्त न्यूनतम अर्हताओं को पूर्ण करते हैं।
- नामाँकन आवेदन में किसी भी तरह की त्रुटि होने पर संपूर्ण जवाबदारी संबंधित छात्र–छात्रा एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।
- संबंधित महाविद्यालय पंजीकृत एवं प्रवेशित छात्रों की आई.डी. पोर्टल पर अनिवार्यतः लॉक करेगे जिससे कि छात्र समयावधि में नामांकन कर सके।

आदेशानुसार

उप–कुलसचिव

पृ.क्रं. 1315/परीक्षा–गोपनीय/2021 रायगढ़, दिनाँक 18.11.2021

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. कार्यालय प्रति।

उप–कुलसचिव